# नगालैंड में अफस्पा का विस्तार

## प्रिलिम्स के लिये:

सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम 1958, कोन्याक जनजाति, विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs)

## मेन्स के लिये:

सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम 1958 और इसकी आवश्यकता, भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये चुनौतियां

## चर्चा में क्यों?

कोन्याक संगठनों की संरक्षक संस्था 'कोन्याक सिविल सोसाइटी संगठन' ने **सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम 1958 (AFSPA)** के विस्तार की निंदा की है।

- नगालैंड में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम 1958 को 30 दिसंबर 2021 से छह महीने के लिये बढ़ा दिया गया है।

## कोन्याक

- **परिचय:**
  - नगालैंड में कोन्याक जनजाति एओ, तंगखुल, सेमा और अंगामी के बाद सबसे बड़ी जनजाति है।
  - अन्य नागा जनजातियों में लोथा, संगतम, फोम, चांग, खमिनुंगम, यमिचुंगरे, जेलियांग, चाखेसांग (चोकरी) और रेंगमा शामिल हैं।
  - माना जाता है कि 'कोन्याक' शब्द 'व्हाओ' शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है 'सिर' और 'न्याक' का अर्थ है 'काला'। इसका अनुवाद 'काले बालों वाला पुरुष' है।
  - उन्हें दो समूहों में बाँटा जा सकता है- 'थेंडु', जिसका अर्थ है 'टैटू वाला चेहरा' और 'थेंथो', जिसका अर्थ है 'सफेद चेहरा'।
- **परिवेश:**
  - यह जनजाति ज़्यादातर मोन ज़िले में निवास करती है, जिन्हें 'द लैंड ऑफ द एंग्स' के नाम से भी जाना जाता है, वे अरुणाचल प्रदेश, असम और म्याँमार के कुछ ज़िलों में भी पाए जाते हैं।
  - अरुणाचल प्रदेश में उन्हें वांचो के रूप में जाना जाता है ('वांचो' 'कोन्याक' का पर्यायवाची शब्द है)।
    - जातीय, सांस्कृतिक और भाषायी रूप से एक ही पड़ोसी राज्य अरुणाचल प्रदेश के नोक्टेस और तांगसा भी कोन्याक से निकटता से संबंधित हैं।
- **मनाए जाने वाले त्योहार :**
  - तीन सबसे महत्त्वपूर्ण त्योहार एओलिगिमोन्यु, एओनिमो और लाउन-ओंगमो हैं।
    - एओलिगिमोन्यु अप्रैल के पहले सप्ताह में बीज बोने के बाद मनाया जाता है और यह नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। इसका धार्मिक महत्त्व समृद्ध फसल के लिये भगवान को प्रसन्न करना है।
    - पहली फसल जैसे- मक्का और सब्जियों की कटाई के बाद जुलाई या अगस्त में एओनिमो मनाया जाता है।
    - लाउन-ओंगमो एक धन्यवाद देने वाला त्योहार है और सभी कृषि गतिविधियों के पूरा होने के बाद मनाया जाता है।

## प्रमुख बिंदु

**सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958:**

- **पृष्ठभूमि:**
  - **भारत छोड़ो आंदोलन** के दौरान विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिये बनाए गए ब्रिटिश-युग के कानून का पुनर्जन्म, AFSPA 1947 में चार अध्यादेशों के माध्यम से जारी किया गया था।

- अध्यादेशों को 1948 में एक अधिनियम द्वारा प्रतस्थिापति किया गया था और पूर्वोत्तर में वर्तमान कानून 1958 में तत्कालीन गृह मंत्री जी.बी. पंत द्वारा प्रभावी किया गया था।
- इसे शुरू में सशस्त्र बल (असम और मणपिुर) वशिष अधकिार अधनियिम, 1958 के रूप में जाना जाता था।
- अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मज़िोरम और नगालैंड राज्यों के अस्तित्व में आने के बाद अधिनियिम को इन राज्यों पर भी लागू करने के लिये अनुकूलति किया गया था।

- **परचिय:**
  - AFSPA सशस्त्र बलों और "अशांत क्षेत्रों" में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलसि बलों को कानून का उल्लंघन करने वाले कसिी भी व्यक्ति को मारने और बनिा वारंट के कसिी भी परसिर की तलाशी लेने तथा अभियोजन एवं कानूनी मुकदमों से सुरक्षा के साथ नरिंकुश शक्तयिाँ देता है।
  - नगा हलि्स में वद्रिोह से नपिटने के लयि कानून पहली बार 1958 में लागू हुआ, उसके बाद असम में वद्रिोह हुआ।
- **अशांत क्षेत्र:**
  - 1972 में अधनियिम में संशोधन कयिा गया और एक क्षेत्र को "अशांत" घोषति करने की शक्तयिाँ राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी प्रदान की गईं।
  - वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्रालय केवल नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के लयि AFSPA का वसि्तार करने हेतु समय-समय पर "अशांत क्षेत्र" अधसिूचना जारी करता है।
  - मणपिुर और असम के लयि अधसिूचना राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती है।
  - त्रपिुरा ने 2015 में अधनियिम को नरिस्त कर दयिा और मेघालय में 27 वर्षों से AFSPA लागू था, जब तक कि इसे 1 अप्रैल, 2018 से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा रद्द नहीं कर दयिा गया।
  - यह अधनियिम असम की सीमा से लगे 20 कलिोमीटर के क्षेत्र में लागू कयिा गया था।
  - जम्मू और कश्मीर में एक अलग जम्मू-कश्मीर सशस्त्र बल (वशिष शक्तयिाँ) अधनियिम, 1990 है।
- **अधनियिम को लेकर ववािद:**
  - **मानवाधकिारों का उल्लंघन:**
    - कानून गैर-कमीशन अधकिारयिों तक, सुरक्षाकर्मयिों को बल का उपयोग करने और "मृत्यु का कारण बनने तक" गोली मारने का अधकिार देता है, यदि वे आश्वस्त हैं कि "सार्वजनकि व्यवस्था के रखरखाव" के लयि ऐसा करना आवश्यक है।
    - यह सैनकिों को बनिा वारंट के परसिर में प्रवेश करने, तलाशी लेने और गरिफ्तारी करने की कार्यकारी शक्तयिाँ भी देता है।
    - सशस्त्र बलों द्वारा इन असाधारण शक्तयिों के प्रयोग से अक्सर अशांत क्षेत्रों में सुरक्षा बलों पर फर्ज़ी मुठभेड़ों और अन्य **मानवाधकिारों के उल्लंघन** के आरोप लगते रहे हैं, जबकि नगालैंड एवं जम्मू-कश्मीर जैसे कुछ राज्यों में AFSPA के अनशि्चतिकालीन लागू होने पर सवाल उठाया गया है।
  - **जीवन रेड्डी समति की सफिारशिें:**
    - नवंबर 2004 में, केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में अधनियिम के प्रावधानों की समीक्षा के लयि न्यायमूर्ति बी पी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय समति नियुक्त की।
    - समति की मुख्य सफिारशिें इस प्रकार थीं:
      - AFSPA को नरिस्त कयिा जाना चाहयि और **गैर-कानूनी गतवधियिाँ (रोकथाम) अधनियिम, 1967** में उचति प्रावधान शामलि कयि जाने चाहयि
      - सशस्त्र बलों और अर्द्धसैनकि बलों की शक्तयिों को स्पष्ट रूप से नरि्दषि्ट करने हेतु गैरकानूनी गतवधि अधनियिम को संशोधति कयिा जाना चाहयि तथा प्रत्येक ज़लि में जहाँ सशस्त्र बल तैनात हैं, शकियत प्रकोष्ठ स्थापति कयि जाने चाहयि।
  - **दूसरी ARC की सफिारशिें:** सार्वजनकि व्यवस्था पर दूसरे प्रशासनकि सुधार आयोग (ARC) की 5वीं रपिोर्ट में भी अफस्पा को नरिस्त करने की सफिारशि की गई है। हालाँकि, इन सफिारशिों को लागू नहीं कयिा गया है।
- **अधनियिम पर सर्वोच्च न्यायालय के वचिार:**
  - वर्ष 1998 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक नरि्णय (नगा पीपुल्स मूवमेंट ऑफ ह्यूमन राइट्स बनाम यूनयिन ऑफ इंडयिा) में AFSPA की संवैधानकिता को बरकरार रखा है।
  - इस नरि्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि
    - केंद्र सरकार द्वारा स्व-प्रेरणा से घोषणा की जा सकती है, हालांकि यह वांछनीय है कि घोषणा करने से पहले राज्य सरकार को केंद्र सरकार से परामर्श लेना चाहयि;
    - घोषणा एक सीमति अवधि के लयि होनी चाहयि और घोषणा की समय-समय पर समीक्षा हेतु 6 महीने की अवधि समाप्त हो गई है;
    - अफस्पा द्वारा प्रदत्त शक्तयिों का प्रयोग करते समय, प्राधकिृत अधकिारी को प्रभावी कार्रवाई हेतु आवश्यक न्यूनतम बल का प्रयोग करना चाहयि।

## आगे की राह

- वर्षों से हुई कई मानवाधकिार उल्लंघन की घटनाओं के कारण अधनियिम की यथास्थति अब स्वीकार्य समाधान नहीं है। AFSPA उन क्षेत्रों में उत्पीड़न का प्रतीक बन गया है जहाँ इसे लागू कयिा गया है इसलयि सरकार को प्रभावति लोगों को संबोधति करने और उन्हें अनुकूल कार्रवाई के लयि आश्वस्त करने की आवश्यकता है।
- सरकार को मामले-दर-मामले आधार पर अफ्सपा को लागू करने और हटाने पर वचिार करना चाहयि और पूरे राज्य में इसे लागू करने के बजाय इसे केवल कुछ सवेदनशील ज़लिों तक सीमति करना चाहयि।
- सरकार और सुरक्षा बलों को **सर्वोच्च न्यायालय**, **जीवन रेड्डी आयोग** और **राष्ट्रीय मानवाधकिार आयोग** (NHRC) द्वारा नरि्धारति दशिा-नरि्देशों का भी पालन करना चाहयि।

**स्रोत: द हिंदू**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/afspa-extended-in-nagaland-1